Preparation Desk

प्रस्तुत करता है

# लक्ष्य BPSC: सम्पूर्ण रणनीति और पाठ्यक्रम

**आपकी मेहनत, हमारा सटीक मार्गदर्शन।**

प्रारंभिक परीक्षा

मुख्य परीक्षा

साक्षात्कार

preparationdesk.com /@preparationdesk

# बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई)

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) बिहार राज्य प्रशासन में विभिन्न ग्रुप ए और ग्रुप बी सेवाओं में उम्मीदवारों की भर्ती के लिए एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) आयोजित करता है , जिसे आमतौर पर बीपीएससी सीसीई के रूप में जाना जाता है । यह परीक्षा मुख्य रूप से तीन चरणों में पूरी होती है: प्रारंभिक परीक्षा (Prelims), मुख्य परीक्षा (Mains), और साक्षात्कार (Interview)।

### प्रारंभिक परीक्षा

यह परीक्षा का पहला चरण है और मुख्य रूप से उम्मीदवारों की छंटनी (Screening) के लिए होता है। इसके अंक अंतिम मेरिट लिस्ट में नहीं जोड़े जाते हैं, आपको केवल इसे क्वालिफाई करना होता है।

### मुख्य परीक्षा

प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवार ही मुख्य परीक्षा में बैठते हैं। यह चयन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है क्योंकि अंतिम मेरिट में इसके अंक जोड़े जाते हैं। यह परीक्षा मुख्य रूप से वर्णनात्मक प्रकृति की होती है।

### साक्षात्कार

यह चरण आपके निर्णय लेने की क्षमता, नैतिक संतुलन, जागरूकता, संयम और कुल मिलाकर प्रशासनिक क्षमता का मूल्यांकन करता है।

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

# प्रारंभिक परीक्षा

## सामान्य अध्ययन

**प्रश्न** : 150
**अंक** : 150
**प्रश्नों का प्रकार** : वस्तुनिष्ठ
**अवधि** : 2 घंटे



**नोट**
नेगेटिव मार्किंग: प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक की कटौती की जाती है।

# प्रारंभिक परीक्षा

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## सामान्य अध्ययन : पाठ्यक्रम

सामान्य विज्ञान, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की समसामयिक घटनाएं, भारत का इतिहास तथा बिहार के इतिहास की प्रमुख विशेषताएं, सामान्य भूगोल, बिहार के प्रमुख भौगोलिक प्रभाग तथा यहाँ की महत्वपूर्ण नदियां, भारत की राज्य व्यवस्था और आर्थिक व्यवस्था, आजादी के पश्चात् बिहार की अर्थ-व्यवस्था के प्रमुख परिवर्तन, भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन तथा इसमें बिहार का योगदान और सामान्य मानसिक योग्यता (Reasoning/Maths)।



# प्रारंभिक परीक्षा की प्रक्रिया

- **अधिसूचना जारी करना:** बीपीएससी सबसे पहले परीक्षा के संबंध में एक अधिसूचना जारी करता है। अधिसूचना जारी होने के बाद, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू होती है।

- **प्रारंभिक परीक्षा की समयसीमा:** आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, प्रारंभिक परीक्षा आमतौर पर 3 से 4 महीने बाद आयोजित की जाती है । प्रारंभिक परीक्षा आयोग द्वारा तय किए गए अनुसार, राज्य भर के विभिन्न केंद्रों पर एक ही दिन में एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाती है।

- **भाषा एवं अन्य प्रावधान:** प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। प्रश्न की भाषा के संबंध में किसी भी विसंगति या विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी में मुद्रित संस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी।

- **परीक्षा की योग्यता संबंधी प्रकृति:** प्रारंभिक परीक्षा योग्यता संबंधी प्रकृति की है, जिसका अर्थ है कि इस चरण में प्राप्त अंक मुख्य परीक्षा या साक्षात्कार के अंकों में नहीं जोड़े जाते हैं।

- **हालिया बदलाव:** अब इस परीक्षा के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों की संख्या अधिसूचित कुल रिक्तियों की दस गुना होगी ( पहले यह संख्या प्रारंभिक परीक्षा में उपस्थित होने वाले कुल उम्मीदवारों की संख्या का लगभग 10% थी )।

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा: 10 वर्षों का रुझान विश्लेषण (2015-2025)

## सफलता के चार मुख्य स्तंभ

### इतिहास, विज्ञान और समसामयिकी: 90+ प्रश्न

इन तीन विषयों से अकेले कुल 150 में से लगभग 60% प्रश्न पूछे जाते हैं।

### बिहार विशेष (Bihar Special) का महत्व

चयन सुनिश्चित करने के लिए बिहार के इतिहास और भूगोल से 20-25 प्रश्न अनिवार्य हैं।


### स्थिर अंक: गणित और तर्कशक्ति

पिछले एक दशक से 'क्वांट' सेक्शन से लगातार 10 प्रश्न पूछे जा रहे हैं।

### विषय-वार प्रश्नों का बदलता रुझान

- **आधुनिक इतिहास बनाम प्राचीन/मध्यकालीन:** इतिहास के कुल प्रश्नों में से 50% से अधिक केवल आधुनिक भारत से होते हैं।
- **सामान्य विज्ञान का दबदबा:** 66वीं परीक्षा के बाद से विज्ञान खंड से लगातार 25-30 प्रश्न पूछे जा रहे हैं।

## विषय-वार प्रश्नों का बदलता रुझान (Subject-wise Weightage Trend)



# बीपीएससी परीक्षा पैटर्न अपडेट: अनिवार्य 'विकल्प E' और नए नकारात्मक अंकन नियमों की व्याख्या

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## नए 'Option E' को समझना

अब 4 नहीं, 5 विकल्प होंगे (A, B, C, D, E)

A B C D E

ओएमआर शीट पर नया 'विकल्प E' जोड़ा गया है जो सभी वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में लागू होगा।

E

**विकल्प E का अर्थ: "प्रयास नहीं किया गया" (Not Attempted)**

यह उन उम्मीदवारों के लिए है जो किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं।

**प्रश्न छोड़ने पर विकल्प E भरना अनिवार्य है**

यदि आप कोई प्रश्न छोड़ रहे हैं, तो आपको 'E' का गोला अनिवार्य रूप से भरना होगा।

## नकारात्मक अंकन (Negative Marking) और सावधानियां

**गोला खाली छोड़ने पर 1/3 अंक की कटौती**

**अंकों पर प्रभाव का सारांश**

A B C D E ✗ - 1/3 अंक

यदि आप पांचों में से कोई भी गोला नहीं भरते हैं, तो 1/3 अंक काट लिए जाएंगे।

| उम्मीदवार की कार्रवाई | अंक प्रभाव |
|---|---|
| सही उत्तर (A, B, C, या D) | + अंक मिलेंगे |
| गलत उत्तर (A, B, C, या D) | 1/3 अंक की कटौती |
| प्रश्न छोड़ना (E भरना) | प्रयास नहीं किया गया<br>कोई कटौती नहीं (0) |
| ⚠ कोई भी गोला न भरना | 1/3 अंक की कटौती (जुर्माना) |

### गलत उत्तर बनाम विकल्प E

| गलत उत्तर (A-D) | विकल्प E चुनना |
|---|---|
| A B C D E | A B C D E |
| ✗ 1/3 अंक कटेंगे | ✓ कोई अंक नहीं कटेगा |

**समय प्रबंधन है बड़ी चुनौती**

अब सभी 150 गोले भरने होंगे, इसलिए ओएमआर भरने के लिए अतिरिक्त समय का ध्यान रखें।

## परीक्षा हॉल के लिए स्मार्ट रणनीति

**3-राउंड रणनीति अपनाएं**

पहले 100% सही हल करें, फिर 50-50 रिस्क लें, और अंत में अनचाहे प्रश्नों पर 'E' भरें।

**ओएमआर को अंत के लिए न छोड़ें**

प्रत्येक 30-40 प्रश्नों के बाद गोले भरें ताकि समय की कमी न हो।



# बीपीएससी परीक्षा योग्यता मानदंड

- जनरल कैटेगरी के पुरुष उम्मीदवारों के लिए BPSC की आयु सीमा इस प्रकार है:
  न्यूनतम आयु – 20, 21 और 22 वर्ष
  अधिकतम आयु – 37 वर्ष

| श्रेणी | आयु सीमा |
|---|---|
| **जनरल-पुरुष** | 37 वर्ष |
| **जनरल-महिला** | 40 वर्ष |
| **OBC/OBC( पुरुष, महिला)** | 40 वर्ष |
| **SC/ST( पुरुष, महिला)** | 42 वर्ष |

**BPSC आयु सीमा से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदु:**

- अगर उम्मीदवार उम्र की शर्तों को पूरा करते हैं, तो कोशिशों (अटेम्प्ट्स) की संख्या पर कोई रोक नहीं है।
- ऐसे सरकारी कर्मचारियों के लिए जो कम से कम तीन साल से लगातार नौकरी कर रहे हैं:
  कोशिशों की संख्या: 3
  अधिकतम उम्र सीमा में छूट: 5 साल
- दिव्यांग लोगों (PwD) के लिए, अधिकतम उम्र सीमा में 10 साल की छूट दी गई है। 53 साल से कम उम्र के पूर्व-सैनिक (एक्स-सर्विसमैन) BPSC की उम्र सीमा में तीन साल की छूट के साथ-साथ अपनी नौकरी के सालों के बराबर की छूट का भी लाभ उठा सकते हैं।

# मुख्य परीक्षा

**नए पैटर्न के अनुसार, मुख्य परीक्षा में कुल 5 पेपर होते हैं:**

**सामान्य हिंदी (General Hindi)**

अंक : 100
अवधि : 3 घंटे
क्वालिफाइंग पेपर

**सामान्य अध्ययन पेपर 1 (GS Paper 1)**

अंक : 300
अवधि : 3 घंटे

**सामान्य अध्ययन पेपर 2 (GS Paper 2)**

अंक : 300
अवधि : 3 घंटे

**निबंध (Essay)**

अंक : 300
अवधि : 3 घंटे

**वैकल्पिक विषय (Optional Subject)**

अंक : 100
अवधि : 3 घंटे
क्वालिफाइंग पेपर

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

# बीपीएससी (BPSC) मुख्य परीक्षा: सफलता का संपूर्ण रोडमैप

71वीं और 72वीं मुख्य परीक्षा के नवीनतम पैटर्न, अंक वितरण और पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण। अनिवार्य और वैकल्पिक विषयों के साथ-साथ अर्हकारी मनदंदों की स्पष्ट समझ।

## परीक्षा संरचना और अंक वितरण

### मेरिट के लिए कुल 900 अंक

चयन के लिए केवल GS I, GS II और निबंध के अंकों की गणना की जाती है।

### अर्हकारी विषय (Qualifying Papers)

सामान्य हिंदी और वैकल्पिक विषय में केवल पास होना अनिवार्य है (न्यूनतम 30%)।

### परीक्षा की प्रकृति

मुख्य परीक्षा वर्णनात्मक (Descriptive) है, जबकि वैकल्पिक विषय अब MCQ आधारित है।

## मेरिट आधारित पेपर (Merit-based Papers)

### GS पेपर I

**300 अंक / 3 घंटे**

आधुनिक इतिहास, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय महत्व की घटनाएँ और सांख्यिकी।

### GS पेपर II

**300 अंक / 3 घंटे**

भारतीय राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, भूगोल और विज्ञान एवं तकनीक की भूमिका।

### निबंध (Essay)

**300 अंक / 3 घंटे**

निबंध 300 अंकों का है।

## अर्हकारी पेपर (Qualifying Papers)

### सामान्य हिंदी

**100 अंक / 3 घंटे**

अर्हकारी (Qualifying) - न्यूनतम 30% अंक।

### वैकल्पिक विषय

**100 अंक / 3 घंटे**

अर्हकारी (MCQ आधारित) - न्यूनतम 30% अंक।

## प्रारंभिक परीक्षा (Prelims)

अर्हकारी (Qualifying)

## मुख्य परीक्षा (Mains) - लिखित

कुल 900 अंक (GS I, GS II, निबंध)

## साक्षात्कार (Interview)

अंतिम चरण: 120 अंक।

अंतिम चयन मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के अंकों के आधार पर होता है।

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

# मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम

## सामान्य हिंदी (General Hindi)

इस पेपर में प्रश्न बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यमिक स्तर पर आधारित होंगे।

- **निबंध लेखन** : 30 अंक
- **व्याकरण** : 30 अंक
- **वाक्य विन्यास** : 25 अंक
- **संक्षेपण** : 15 अंक



# मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम

## सामान्य अध्ययन पेपर-I

### भारत का आधुनिक इतिहास और भारतीय संस्कृति

19वीं शताब्दी के मध्य से भारत का समग्र इतिहास, बिहार के विशेष संदर्भ में।

- बिहार के आधुनिक इतिहास के संदर्भ में प्रश्न इस क्षेत्र में पाश्चात्य शिक्षा (प्रौद्योगिकी शिक्षा समेत) के आरम्भ और विकास से पूछे जाएंगे।
- इसमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बिहार की भूमिका संबंधित प्रश्न रहेंगे। ये प्रश्न मुख्यतः संथाल विद्रोह, बिहार में 1857 बिरसा आंदोलन, चंपारण सत्याग्रह तथा 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन से संबंधित पूछे जाएंगे।

### राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की समसामयिक घटनाएँ

यह खंड राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर महत्त्वपूर्ण समसामयिक घटनाओं पर केंद्रित होगा।

### भारतीय कला और संस्कृति

परीक्षार्थियों से यह आशा की जाती है कि वे मौर्य काल तथा पाल काल की कला और पटना कलम चित्रकला की मुख्य विशेषताओं से परिचित होंगे

- Iगांधी, टैगोर और नेहरू जैसी प्रमुख हस्तियों के योगदान से संबंधित प्रश्न भी पूछे जाएंगे।

### सांख्यिकीय विश्लेषण आरेखन और सचित्र निरूपण

सांख्यिकीय विश्लेषण आरेखन और सचित्र निरूपण से संबंधित विषयों में सांख्यिकीय आरेखन या चित्रात्मक रूप से प्रस्तुत सामग्री की जानकारी के आधार पर सहज बुद्धि का प्रयोग करते हुए कुछ निष्कर्ष निकालना और उसमें पाई गई कमियों, सीमाओं और असंगतियों का निरूपण करने की क्षमता की परीक्षा होगी।

# मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम

## सामान्य अध्ययन पेपर-II

### भारतीय राजव्यवस्था

भारतीय राज्यव्यवस्था से संबंधित खंड में भारत की (तथा बिहार की) राजनीतिक व्यवस्था से संबंधित प्रश्न होंगे।

### भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत का भूगोल

भारत में नियोजन प्रक्रिया के साथ-साथ भारत और बिहार दोनों के भौतिक, आर्थिक और सामाजिक भूगोल से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

### भारत के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्व और प्रभाव

खंड में ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे, जो भारत तथा बिहार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्त्व के बारे में परीक्षार्थी के ज्ञान का परीक्षण करें। इनमें प्रायोगिक पक्ष पर ज़ोर दिया जाएगा



# मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम


## निबंध पेपर

इसमें तीन अलग-अलग सेक्शन से एक-एक निबंध लिखना होता है (इसमें बिहार की स्थानीय संस्कृति और कहावतों पर आधारित निबंध भी शामिल होते हैं)।

- नैतिक और दार्शनिक निबंध
- परिकल्पनात्मक निबंध

**निबंध जो कि अधोलिखित विषयों से संबंधित होंगे:**

- सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक और प्रशासनिक मुद्दे
- आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया
- बिहार की समस्याएँ, समाधान और संभावनाएँ
- बिहार की लोकप्रिय कहावतें और लोकोक्तियाँ आदि।



# मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम

## वैकल्पिक विषय

- अभ्यर्थियों को निम्नलिखित सूची में से एक विषय का चयन करना होगा: (प्रत्येक विषय 100 अंक का होगा तथा परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी।)

**वैकल्पिक विषय सूची**

| | |
|---|---|
| कृषि विज्ञान | भू-विज्ञान |
| मानव विज्ञान | श्रम एवं समाज कल्याण |
| रसायन विज्ञान | प्रबंध |
| वाणिज्यिक शास्त्र तथा लेखा विधि | यांत्रिक इंजीनियरिंग |
| विद्युत इंजीनियरिंग | भौतिकी |

| | |
|---|---|
| मनोविज्ञान | फारसी भाषा और साहित्य |
| समाजशास्त्र | पालि भाषा और साहित्य |
| प्राणी विज्ञान | पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान |
| अंग्रेज़ी भाषा और साहित्य | वनस्पति विज्ञान |
| बांग्ला भाषा और साहित्य | सिविल इंजीनियरिंग |
| अर्थशास्त्र | भूगोल |

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

# मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम

## वैकल्पिक विषय

**वैकल्पिक विषय सूची**

| | |
|---|---|
| इतिहास | विधि |
| गणित | दर्शनशास्त्र |
| राजनीति विज्ञान तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध | लोक प्रशासन |
| सांख्यिकी | हिन्दी भाषा और साहित्य |
| उर्दू भाषा और साहित्य | संस्कृत भाषा और साहित्य |
| अरबी भाषा और साहित्य | मैथिली भाषा और साहित्य |



# BPSC मुख्य परीक्षा: वैकल्पिक विषय और नया पैटर्न गाइड

## वैकल्पिक विषय: नया परीक्षा पैटर्न (68वीं BPSC से लागू)

- **क्वालीफाइंग और वस्तुनिष्ठ (MCQ) स्वरूप:** यह पेपर 100 अंकों का होता है और इसमें केवल बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं।
- **मेधा सूची में कोई योगदान नहीं:** इस विषय में प्राप्त अंक फाइनल मेरी लिस्ट बनाने में नहीं जोड़े जाते हैं।
- **नेगेटिव मार्किंग का अभाव:** वैकल्पिक विषय के पेपर में गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जाते हैं।

| श्रेणी (Category) | न्यूनतम क्वालीफाइंग अंक |
|---|---|
| सामान्य श्रेणी (General) | 40% |
| पिछड़ा वर्ग (BC) | 36.5% |
| अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला | 32% |

## सभी 34 वैकल्पिक विषयों की सूची (विषय कोड 04 से 37)

| कोड | विषय का नाम | कोड | विषय का नाम |
|---|---|---|---|
| 04 | कृषि विज्ञान | 21 | पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान |
| 05 | मानव विज्ञान | 22 | वनस्पति विज्ञान |
| 06 | रसायन विज्ञान | 23 | वनस्पति विज्ञान |
| 07 | वाणिज्य शास्त्र तथा लेखा विधि | 23 | सिविल इंजीनियरिंग |
| 08 | विद्यूत इंजीनियरिंग | 24 | अर्थशास्त्र |
| 09 | भू-विज्ञान | 25 | भूगोल |
| 10 | श्रम एवं समाज कल्याण (LSW) | 26 | इतिहास |
| 11 | प्रबंध (Management) | 27 | विधि (Law) |
| 12 | यांत्रिक इंजीनियरिंग | 28 | गणित |
| 13 | भौतिकी | 29 | दर्शन शास्त्र |
| 14 | मनोविज्ञान | 30 | राजनीति विज्ञान तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध |
| 15 | समाज शास्त्र | 31 | लोक प्रशासन |
| 16 | प्राणी विज्ञान | 32 | लोक प्रशासन |
| 17 | अंग्रेजी भाषा और साहित्य | 32 | सांख्यिकी |
| 18 | बंगला भाषा और साहित्य | 33 | हिन्दी भाषा और साहित्य |
| 19 | फारसी भाषा और साहित्य | 34 | उर्दू भाषा और साहित्य |
| 19 | फारसी भाषा और साहित्य | 35 | संस्कृत भाषा और साहित्य |
| 19 | पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान | 36 | अरबी भाषा और साहित्य |
| 20 | पाली भाषा और साहित्य | 37 | मैथिली भाषा और साहित्य |

अभ्यर्थी अपनी रुचि और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के अनुसार 34 विषयों में से किसी एक को चुन सकते हैं।

## चयन के ट्रेंड्स और सफलता की रणनीति

- **सबसे लोकप्रिय विषय (Trending Subjects):** इतिहास, भूगोल, लोक प्रशासन और हिंदी साहित्य अभ्यर्थियों के बीच सबसे लोकप्रिय हैं।
- **सामान्य अध्ययन (GS) के साथ तालमेल:** इतिहास और भूगोल जैसे विषय GS पेपर के बड़े हिस्से को कवर करते हैं, जिससे दोहरा लाभ मिलता है।
- **संक्षिप्त पाठ्यक्रम वाले विषय:** LSW और लोक प्रशासन का सिलेबस छोटा है, जिसे कम समय में तैयार किया जा सकता है।

# साक्षात्कार (INTERVIEW)

**बीपीएससी साक्षात्कार का स्वरूप (व्यक्तित्व परीक्षण)**

बीपीएससी साक्षात्कार (जिसे व्यक्तित्व परीक्षण भी कहा जाता है) बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा प्रक्रिया का अंतिम और निर्णायक चरण है। इसके 120 अंक होते हैं , जो मुख्य परीक्षा की तुलना में कम लग सकते हैं, लेकिन वास्तव में यह अंतिम रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । साक्षात्कार में 20-30 अंकों का अंतर भी उम्मीदवार की रैंक और सेवा आवंटन को काफी हद तक बदल सकता है।

- कुल अंक: 120
- उद्देश्य: व्यक्तित्व का आकलन करना, न कि अकादमिक ज्ञान का।
- बोर्ड की संरचना: अनुभवी प्रशासक, शिक्षाविद और विषय विशेषज्ञ
- माध्यम: हिंदी या अंग्रेजी

साक्षात्कार समिति निम्नलिखित बातों पर ध्यान देती है:

- संतुलित राय
- तार्किक तर्क
- आसपास के वातावरण के प्रति जागरूकता
- प्रशासनिक स्वभाव
- ईमानदारी और आत्मविश्वास

कोई भी उत्तर सही या गलत नहीं होता , लेकिन सोच-समझकर दिए गए उत्तर और बिना सोचे-समझे दिए गए उत्तर जरूर होते हैं ।



# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (CCE) की प्रारंभिक परीक्षा काफी हद तक तथ्यों पर आधारित है, लेकिन अब इसके प्रश्न वैचारिक (conceptual) भी होते जा रहे हैं। प्रभावी ढंग से तैयारी करने के लिए मानक पाठ्यपुस्तकों और राज्य-विशिष्ट रिवीजन गाइड के संतुलन की आवश्यकता होती है।

**इतिहास (भारत और बिहार)**

| विषय | किताबें | खरीदने का लिंक |
| --- | --- | --- |
| **प्राचीन भारत** | 1. आर.एस. शर्मा (पुरानी NCERT) द्वारा प्राचीन भारत का इतिहास<br>2. लूसेंट सामान्य ज्ञान (Lucent's GK) | 1. https://amzn.to/3QGX92j<br>2. https://amzn.to/4vJ7wBC |
| **मध्यकालीन भारत** | सतीश चंद्रा (पुरानी NCERT) द्वारा मध्यकालीन भारत का इतिहास | https://amzn.to/4vidqtS |
| **आधुनिक भारत** | स्पेक्ट्रम (राजीव अहीर) द्वारा आधुनिक भारत का संक्षिप्त इतिहास (A Brief History of Modern India) | https://amzn.to/3QCKAoN |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## इतिहास (भारत और बिहार)

| विषय | किताबें | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **बिहार का इतिहास** | 1. केबीसी नैनो (KBC Nano) द्वारा बिहार समग्र या<br>2. क्राउन पब्लिकेशन द्वारा बिहार सामान्य ज्ञान | 1. https://amzn.to/3QKoTTL<br>2. https://amzn.to/4eaGm0J |

## भारतीय राजव्यवस्था (Indian Polity)

| | | |
|---|---|---|
| **प्राथमिक स्रोत** | एम. लक्ष्मीकांत द्वारा भारत की राजव्यवस्था (Indian Polity) | https://amzn.to/4ep4TOw |
| **आधार** | NCERT राजनीति विज्ञान (कक्षा 6 से 12 तक) | https://amzn.to/4xv5WVB |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**भूगोल (भारत, विश्व और बिहार)** — **खरीदने का लिंक**

| | | |
|---|---|---|
| **मूल अवधारणाएं** | भूगोल के लिए NCERT की पाठ्यपुस्तकें (कक्षा 6 से 12 तक) | https://amzn.to/49W2r0y |
| **भौतिक भूगोल** | गोह चेंग लियोंग (Goh Cheng Leong) द्वारा सर्टिफिकेट फिजिकल एंड ह्यूमन ज्योग्राफी | https://amzn.to/4eiJSEV |
| **भारतीय भूगोल संदर्भ** | माजिद हुसैन द्वारा भारत का भूगोल (विशिष्ट विषयों के लिए चुनिंदा रूप से उपयोग करें) | https://amzn.to/4oyoSyY |
| **मानचित्र (Maps)** | ऑक्सफोर्ड स्टूडेंट एटलस फॉर इंडिया (नदियों, दर्रों और सीमाओं को चिह्नित करने के लिए आवश्यक) | https://amzn.to/4vTYl1r |



# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**अर्थव्यवस्था (भारत और बिहार)** **खरीदने का लिंक**

| | | |
|---|---|---|
| **मूल अवधारणाएं** | 1. रमेश सिंह द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था या<br>2. संजीव वर्मा द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था | 1. https://amzn.to/43BqqhN<br>2. https://amzn.to/4fFJOl3 |
| **समष्टि अर्थशास्त्र (Macroeconomics)** | NCERT कक्षा 11 और 12 अर्थशास्त्र | 1. https://amzn.to/4uCgUWL<br>2. https://amzn.to/4e9VWtn |
| **वर्तमान डेटा (अति महत्वपूर्ण)** | 1. नवीनतम केंद्रीय बजट (Union Budget) और भारत का आर्थिक सर्वेक्षण<br>2. नवीनतम बिहार बजट और बिहार आर्थिक सर्वेक्षण | |



# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**सामान्य विज्ञान** — **खरीदने का लिंक**

| | | |
|---|---|---|
| **आधार** | NCERT विज्ञान की किताबें (कक्षा 6 से 10 तक) | https://amzn.to/44dlcZK |
| **रिवीजन और तथ्यात्मक डेटा** | 1. लूसेंट सामान्य विज्ञान या<br>2. लूसेंट सामान्य ज्ञान में दिया गया सामान्य विज्ञान अनुभाग | 1. https://amzn.to/4avtkbI<br>2. https://amzn.to/4vJ7wBC |
| **अभ्यास** | घटना चक्र सामान्य विज्ञान (पिछले वर्षों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का अभ्यास करने के लिए अत्यधिक अनुशंसित) | https://amzn.to/3SH2CXt |

**बिहार विशेष सामान्य ज्ञान** — **खरीदने का लिंक**

| | | |
|---|---|---|
| **प्राथमिक स्रोत** | इम्तियाज अहमद द्वारा बिहार सामान्य ज्ञान (विषयनिष्ठ/Subjective और वस्तुनिष्ठ/Objective) दोनों संस्करण | https://amzn.to/4gkMogz |
| **रिवीजन और तथ्यात्मक डेटा** | अरिहंत पब्लिकेशन्स द्वारा नो योर स्टेट: बिहार (Know Your State: Bihar) | https://amzn.to/4aIv3uf |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**करेंट अफेयर्स (समसामयिकी)**

आपको परीक्षा की तारीख से 10-12 महीने पहले की राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और राज्य-विशिष्ट खबरों को कवर करना होगा।

**खरीदने का लिंक**

| | | |
|---|---|---|
| **मासिक पत्रिकाएँ** | 1. विजन IAS मासिक पत्रिका,<br>2. दृष्टि करेंट अफेयर्स, या<br>3. प्रतियोगिता दर्पण | |
| **समाचार पत्र** | राष्ट्रीय संदर्भ के लिए द हिंदू (The Hindu) या द इंडियन एक्सप्रेस (The Indian Express)।<br>(हिंदी माध्यम के छात्र 'दैनिक जागरण' राष्ट्रीय संस्करण पढ़ सकते हैं)। | |
| **बिहार विशेष** | 1. स्पीडी बिहार करेंट अफेयर्स (Speedy) या<br>2. एडुटेरिया करेंट अफेयर्स (Eduteria) | |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**सामान्य मानसिक क्षमता / गणित**

प्रारंभिक परीक्षा में 10 बुनियादी गणित (quantitative aptitude) और रीजनिंग के प्रश्न शामिल होते हैं।

| किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|
| आर.एस. अग्रवाल द्वारा क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड (नवीन अंकगणित)। प्रतिशत, लाभ और हानि, समय और कार्य, अनुपात और समानुपात, और संख्या प्रणाली जैसे बुनियादी अध्यायों पर ध्यान दें। | https://amzn.to/49ZYCr6 |

**तैयारी के लिए सुझाव:**

हमेशा इस पुस्तक सूची के साथ BPSC के पिछले वर्षों के प्रश्नों (PYQs) का कठोरता से अभ्यास करें। केबीसी नैनो BPSC प्रीलिम्स PYQ या घटना चक्र प्रश्न बैंक जैसी किताबें आपको पूछे गए प्रश्नों की सटीक प्रवृत्ति (trend) और गहराई को समझने में मदद करेंगी।

| किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|
| 1. केबीसी नैनो BPSC प्रीलिम्स PYQ<br>2. घटना चक्र प्रश्न बैंक | 1. https://amzn.to/4avtuQm<br>2. https://amzn.to/3Qeh2h7 |

# BPSC मुख्य परीक्षा के लिए बेहतरीन किताबों की सूची: विषय-वार ज़रूरी किताबें

**1. सामान्य हिंदी (Qualifying)**

| किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|
| डॉ. पृथ्वीनाथ पांडेय (नालंदा पब्लिकेशन) | https://amzn.to/4vOltOz |



# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## सामान्य अध्ययन पेपर-1

### भारत का आधुनिक इतिहास और भारतीय संस्कृति

| विषय | किताबें | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **आधुनिक भारत का इतिहास** | स्पेक्ट्रम (राजीव अहीर) | https://amzn.to/3QCKAoN |
| **भारत का स्वतंत्रता संघर्ष** | भारत का स्वतंत्रता संघर्ष: बिपिन चंद्र | https://amzn.to/4xoQXNb |
| **भारतीय कला एवं संस्कृति** | भारतीय कला एवं संस्कृति: नितिन सिंघानिया | https://amzn.to/3QKpTat |
| **बिहार का इतिहास एवं संस्कृति:** | 1. बिहार समग्र' (KBC Nano) या<br>2. इम्तियाज अहमद की 'बिहार एक परिचय' | 1. https://amzn.to/3QKoTTL<br>2. https://amzn.to/4gkMogz |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

### सामान्य अध्ययन पेपर-1




### राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का वर्तमान घटनाक्रम

| विषय | किताबें | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **मासिक पत्रिका** | 1. विज़न आईएएस (Vision IAS) या<br>2. दृष्टि करेंट अफेयर्स टुडे (Drishti IAS) | |
| **दैनिक समाचार पत्र** | 1. दैनिक जागरण (राष्ट्रीय संस्करण) या<br>2. जनसत्ता का संपादकीय पृष्ठ | |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

### सामान्य अध्ययन पेपर-1

### सांख्यिकीय विश्लेषण, आरेखन और चित्रण (Data Interpretation)

| विषय | किताबें | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **सांख्यिकी (DI)** | 1. एल. के. झा (L.K. Jha) की पुस्तक<br>2. वैकल्पिक स्रोत: अरिहंत पब्लिकेशन की DI की किताब | https://amzn.to/4eI4VCd |



# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## सामान्य अध्ययन पेपर-2

### भारतीय राजव्यवस्था (Indian Polity)

| विषय | किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **भारत की राजव्यवस्था** | 1. भारत की राजव्यवस्था: एम. लक्ष्मीकांत (M. Laxmikanth) | https://amzn.to/4ep4TOw |

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (Science and Technology)

| विषय | किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी:** | 1. दृष्टि आईएएस (Drishti IAS) की क्विक बुक या<br>2. रवि पी. अग्रहरि (TMH पब्लिकेशन)। | 1. https://amzn.to/3S3wDRf<br>2. https://amzn.to/4otFEin |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## सामान्य अध्ययन पेपर-2

### भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत का भूगोल

| विषय | किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **भारतीय अर्थव्यवस्था** | 1. संजीव वर्मा (सरल भाषा के लिए) या<br>2. रमेश सिंह | 1. https://amzn.to/4fFJOl3<br>2. https://amzn.to/43BqqhN |
| **बिहार की अर्थव्यवस्था** | 1. बिहार सरकार का नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण (Economic Survey) और<br>2. बजट (Budget) | |
| **भारत का भूगोल** | महेश कुमार वर्णवाल | https://amzn.to/4elhXEn |
| **एटलस** | ऑक्सफोर्ड स्टूडेंट एटलस (Oxford Student Atlas) | https://amzn.to/4vTYl1r |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

## निबंध (Essay)

निबंध के पेपर में तीन खंड होते हैं, जिनमें से तीसरा खंड पूरी तरह से बिहार के मुहावरों, कहावतों और लोकोक्तियों (भोजपुरी/मैथिली/मगही) पर आधारित होता है।

| विषय | किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **सामान्य निबंध** | 1. निबंध दृष्टि' (डॉ. विकास दिव्यकीर्ति) या<br>2. निशान्त जैन की 'निबंध' पुस्तक | 1. https://amzn.to/3S7Mgad<br>2. https://amzn.to/4fLK564 |
| **बिहार आधारित निबंध**<br>(इसके लिए आपको बिहार की संस्कृति और क्षेत्रीय कहावतों का गहराई से अध्ययन करना होगा। ) | 1. केबीसी नैनो (KBC Nano) या<br>2. दृष्टि पब्लिकेशन की 'BPSC निबंध' | 1. https://amzn.to/4vRX7DV<br>2. https://amzn.to/4ea154P |

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**प्रश्न बैंक और उत्तर लेखन (Previous Year Papers)**

मुख्य परीक्षा का पूरा आधार आपकी उत्तर लेखन क्षमता है। सिर्फ पढ़ने से ज्यादा अभ्यास जरूरी है।

| विषय | किताब | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **प्रश्न बैंक (Solved Papers)** | 1. KBC Nano का पिछले वर्षों का सॉल्व्ड पेपर (BPSC Mains Previous Year Solved Papers) या<br>2. दृष्टि पब्लिकेशन का पिछले वर्षों का सॉल्व्ड पेपर | 1. https://shorturl.at/zb2xU<br>2. https://amzn.to/4uyzSxi |

परीक्षा से पहले पिछले कम से कम 5-7 वर्षों के प्रश्नों को तय समय-सीमा में लिखने का अभ्यास अवश्य करें।

# BPSC प्रारंभिक परीक्षा के लिए बेहतरीन बुकलिस्ट: विषय-वार ज़रूरी किताबें

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**विषयवार महत्वपूर्ण NCERT पुस्तकें**

| विषय | किताबें | खरीदने का लिंक |
|---|---|---|
| **इतिहास (History)** | कक्षा 6 से 12 तक की NCERT | https://amzn.to/4eIKcy8 |
| **भूगोल (Geography)** | कक्षा 6 से 12 तक की NCERT | https://amzn.to/4aksuPd |
| **राजव्यवस्था (Polity)** | कक्षा 6 से 12 तक की NCERT | https://amzn.to/4xqgrJS |
| **अर्थव्यवस्था (Economy)** | कक्षा 9 से 12 तक की NCERT | https://amzn.to/4otpTYZ |
| **सामान्य विज्ञान (Science)** | कक्षा 6 से 10 तक की NCERT | https://amzn.to/4ouhowO |
| **पर्यावरण (Environment)** | कक्षा 12 की जीव विज्ञान (Biology) पुस्तक के अंतिम 4 अध्याय (अध्याय 13 से 16) | https://amzn.to/4fM4PL2 |

# BPSC सिविल सेवा परीक्षा: सफलता के 5 सबसे अहम सुझाव

BPSC (बिहार लोक सेवा आयोग) परीक्षा को क्रैक करने के लिए केवल कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्मार्ट और अपडेटेड रणनीति की भी जरूरत होती है। यदि आप भी एक अधिकारी बनने का सपना देख रहे हैं, तो इन 5 बातों का विशेष ध्यान रखें:

**1. बदले हुए पैटर्न के अनुसार पढ़ाई करें:**

BPSC ने अपने परीक्षा पैटर्न में कुछ बड़े बदलाव किए हैं। अब प्रारंभिक परीक्षा (Prelims) में 1/3 नेगेटिव मार्किंग लागू है, इसलिए अब परीक्षा में केवल अनुमान लगाने से बचें और कॉन्सेप्ट की स्पष्टता पर ध्यान दें। वहीं, मुख्य परीक्षा में अब 300 अंकों का निबंध (Essay) पेपर जुड़ गया है और वैकल्पिक विषय (Optional) केवल क्वालिफाइंग (MCQ आधारित) रह गया है।

**2. बिहार स्पेशल' पर बनाएं मजबूत पकड़:**

चाहे प्रारंभिक परीक्षा हो या मुख्य परीक्षा, बिहार का इतिहास (विशेषकर आधुनिक इतिहास), भूगोल, अर्थव्यवस्था और कला-संस्कृति बहुत बड़ा वेटेज रखते हैं। बिहार के संदर्भ में जानकारी को गहराई से पढ़ें और नोट्स तैयार करें।

**3. पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र (PYQs) हैं सबसे बड़े मार्गदर्शक:**

तैयारी के दौरान पिछले 5-10 सालों के BPSC प्रश्न पत्रों का गहराई से विश्लेषण जरूर करें। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आयोग किस तरह के प्रश्न पूछता है और किन टॉपिक्स को बार-बार दोहराया जाता है।

# BPSC सिविल सेवा परीक्षा: सफलता के 5 सबसे अहम सुझाव

**4. उत्तर लेखन (Answer Writing) और निबंध का नियमित अभ्यास:**

मुख्य परीक्षा में सफलता आपके ज्ञान के साथ-साथ आपकी प्रस्तुति पर भी निर्भर करती है। अब निबंध पेपर के आने से आपके विश्लेषण क्षमता की भी कड़ी परीक्षा होगी। रोजाना 1-2 उत्तर लिखने की आदत डालें और हफ्ते में कम से कम एक निबंध (खासकर बिहार से जुड़े और दार्शनिक मुद्दों पर) जरूर लिखें।

**5. करेंट अफेयर्स और रिवीजन का सही संतुलन:**

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के साथ-साथ बिहार के करेंट अफेयर्स पर पैनी नजर रखें। इसके लिए रोजाना एक प्रामाणिक अखबार पढ़ें। इसके अलावा, नई चीज़ें पढ़ने के साथ-साथ अपने पुराने नोट्स का हर हफ्ते रिवीजन करना न भूलें; परीक्षा के समय यही रिवीजन आपका सबसे बड़ा हथियार बनेगा।



# BPSC इंटरव्यू (साक्षात्कार): व्यक्तित्व और आत्मविश्वास की परख

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

मुख्य परीक्षा पास करने के बाद 120 अंकों का साक्षात्कार होता है। यह आपके ज्ञान का नहीं (वह मेंस में परखा जा चुका है), बल्कि आपके व्यक्तित्व, निर्णय लेने की क्षमता और प्रशासनिक कौशल का परीक्षण है। इसके लिए इन बातों पर ध्यान दें:

**1. अपने DAF (Detailed Application Form) का मास्टर बनें:**

इंटरव्यू में सबसे ज्यादा सवाल आपके बैकग्राउंड से पूछे जाते हैं। आपके गृह जिले का इतिहास-भूगोल, आपके ग्रेजुएशन का विषय, आपकी हॉबी (शौक) और आपकी पिछली नौकरी (अगर कोई हो) के बारे में आपको हर छोटी-बड़ी जानकारी होनी चाहिए।

**2. बिहार की समस्याओं पर 'समाधानवादी नजरिया' (Solution-Oriented Approach):**

बोर्ड के सदस्य यह देखना चाहते हैं कि आप एक अधिकारी के रूप में कितने सक्षम हैं। बिहार में बाढ़, सूखा, बेरोजगारी, कृषि या शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के केवल कारण न जानें, बल्कि उनका व्यावहारिक और तार्किक समाधान (Solution) भी तैयार रखें।

**3. तथ्यों की जगह संतुलित विचारों (Balanced Opinions) पर जोर:**

इंटरव्यू में हालिया राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर आपकी राय पूछी जाती है। किसी भी राजनीतिक या विवादित मुद्दे पर अतिवादी (Extreme) स्टैंड लेने से बचें। हमेशा संविधान, लोकतंत्र और सरकारी नीतियों के दायरे में रहकर एक संतुलित और निष्पक्ष जवाब दें।

**3. 'मुझे नहीं पता' कहने की कला (Honesty is Key):**


बोर्ड में बैठे सदस्य बेहद अनुभवी होते हैं, इसलिए उन्हें घुमाने या गलत जानकारी देने की कोशिश बिल्कुल न करें। यदि आपको किसी सवाल का जवाब नहीं पता है, तो आत्मविश्वास और विनम्रता के साथ "क्षमा करें सर/मैम, मुझे अभी इसकी जानकारी नहीं है" कहना सबसे बेहतर विकल्प है। ईमानदारी आपके व्यक्तित्व का सबसे मजबूत पक्ष है।


# BPSC इंटरव्यू (साक्षात्कार): व्यक्तित्व और आत्मविश्वास की परख

Preparation Desk
www.preparationdesk.com

**5. कम्युनिकेशन स्किल्स और मॉक इंटरव्यू (Mock Interviews):**

बोलने की शैली, आई-कॉन्टेक्ट (Eye Contact) और बॉडी लैंग्वेज का इंटरव्यू में बहुत बड़ा रोल होता है। आईने के सामने बोलने का अभ्यास करें और परीक्षा से पहले 2-3 अच्छे मॉक इंटरव्यू जरूर दें। इससे आपकी झिझक दूर होगी और असली इंटरव्यू वाले दिन आप सहज महसूस करेंगे।






Preparation Desk
www.preparationdesk.com

"BPSC कोई 100 मीटर की दौड़ (Sprint) नहीं, बल्कि एक मैराथन (Marathon) है। 10 अलग-अलग किताबें पढ़ने के बजाय, 1 बेहतरीन किताब को 10 बार पढ़ें (Revision is key)। अपने स्टडी मैटेरियल को सीमित रखें, सिलेबस और पिछले वर्षों के प्रश्नों (PYQs) को अपना मार्गदर्शक मानें और सबसे महत्वपूर्ण बात है धैर्य और निरंतरता (Consistency) बनाए रखना। ज्ञान के साथ-साथ आपकी मानसिक मजबूती ही आपको इस परीक्षा में अंतिम सफलता दिलाएगी।" PreparationDesk पर हमारा मकसद इस लंबी और मुश्किल प्रक्रिया को आसान बनाना और आपको सफलता के लिए ज़रूरी रणनीतिक बढ़त दिलाना है। हमें इस सफ़र में आपका साथी होने पर गर्व है।

**सीखते रहें और जुड़े रहें! और अपडेट्स के लिए PreparationDesk को फ़ॉलो करें।**

**/@preparationdesk**

**preparationdesk.com**